सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी–बाडमेर
**(पीठासीन अधिकारी –केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)**

प्रार्थना पत्र सं.ः– 2025/112(76/25) दर्ज तिथिः–07.04.2025

1. उगराराम पुत्र भानाराम
2. खेराजराम पुत्र जोधाराम
3. वेहनी पत्नी जोधाराम
4. चोलाराम पुत्र खेमाराम
5. सालूराम पुत्र खेमाराम
6. हुकमाराम पुत्र खेमाराम
7. भीखी पत्नी खेमाराम
8. केसाराम पुत्र तिलाराम
9. देवाराम पुत्र तिलाराम
10. रतनाराम पुत्र तिलाराम

जाति जाट निवासी पनोणी धतरवालों की ढाणी तहसील नोखड़ा जिला बाड़मेर

– प्रार्थीगण

**<u>बनाम</u>**

1. अजमालराम पुत्र सोनाराम
2. गोमाराम पुत्र सोनाराम
3. घमण्डाराम पुत्र सोनाराम
4. ताजाराम पुत्र सोनाराम
5. मुलाराम पुत्र सोनाराम
6. रूपोदेवी पत्नी सोनाराम
7. नरसिंगाराम पुत्र भोपाराम
8. अजमालराम पुत्र जोगाराम
9. देवाराम पुत्र जोगाराम
10. देवाराम पुत्र सरूपाराम
11. रामाराम पुत्र सरूपाराम
12. सवाईराम पुत्र सरूपाराम
13. पनीदेवी पत्नी सरूपाराम
14. पुनमाराम पुत्र किसनाराम
15. मुकनाराम पुत्र बींजाराम
16. वेहनीदेवी पत्नी बींजाराम
17. प्रकाश चौधरी पुत्र मूलाराम
18. लाली पत्नी मुलाराम
19. आसीदेवी पत्नी भेराराम
20. कुंभाराम पुत्र जेठाराम

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.05.23 09:37:49 IST
Reason: SelfAttested

21. देवाराम पुत्र जेठाराम
22. कस्तुरीदेवी पत्नी प्रभुराम
23. डालूराम पुत्र प्रभुराम
24. बगताराम पुत्र प्रभुराम
25. रिडमलराम पुत्र हरजीराम
26. सुआदेवी पत्नी जेठाराम
    जाति जाट निवासी पनोणी धतरवालों की ढाणी तहसील नोखड़ा जिला बाड़मेर।
27. खेताराम पुत्र मेहाराम
28. राणाराम पुत्र मेहाराम
29. इन्द्रादेवी पत्नी मेहाराम
30. घेवरराम पुत्र पुराराम
31. बगाराम पुत्र पुराराम
32. रूपाराम पुत्र पुराराम
33. चुनाराम पुत्र करनाराम
34. दौलाराम पुत्र करनाराम
35. मेहराराम पुत्र करनाराम
36. सवाईराम पुत्र मेहाराम
    जातियान दर्जी निवासी आडेल
37. भीखी पत्नी मगाराम
38. हीराराम पुत्र मगाराम
    जाति जाट निवासी पनोणी धतरवालों की ढाणी तहसील नोखड़ा जिला बाड़मेर

......................असल अप्रार्थीगण

39. मैनेजर आरएमजीबी शाखा होडू, JTGM शाखा होडू
40. तहसीलदार नोखड़ा।

..............तरतीबी अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः— श्री जगदीश कड़वासरा
अप्रार्थीगण — एकतरफा।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

**—:निर्णयः—**

निर्णय तिथिः—08.05.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 296/5.2504 है0, 296/1/7.9039 है0, 290/2/4.6437 है0 वांके ग्राम पनोणी धतरवालों की ढाणी तहसील नोखड़ा जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी में अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं।

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.05.23 09:37:49 IST
Reason: SelfAttested

उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार नोखड़ा के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार नोखड़ा द्वारा दिनांक 23.05.2025 को मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशानदेही कराई गई। परन्तु अप्रार्थीगण पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण मुताबिक पैमाइश रिपोर्ट दिनांक 23.05.2025 के आधार पर आराजी की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी। प्रकरण में तहसीलदार नोखड़ा को पत्र क्रमांक कोर्ट/आरए/2025/112 दिनांक 01.04.2025 द्वारा बिन्दुवार विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट निर्धारित चैकलिस्ट में तैयार करने हेतु लिखा गया। जिसकी पालना में पटवार हल्का रतनपुरा ने दिनांक 28.04.2025 को मौके पर जाकर निर्धारित चैकलिस्ट में बिन्दुवार विस्तृत तथ्यात्मक तैयार कर न्यायालय हाजा में प्रस्तुत की।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 23.05.2024 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***111. Decision of disputes as to boundaries.***—*(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.05.23 09:37:49 IST
Reason: SelfAttested

राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2076—79 वाकै ग्राम पनोणी धतरवालों की ढाणी में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार नोखड़ा द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम पनोणी धतरवालों की ढाणी के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 23.05.2024 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार नोखड़ा के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 296/5.2504 है0, 296/1/7.9039 है0, 290/2/4.6437 है0 वांके ग्राम पनोणी धतरवालों की ढाणी तहसील नोखड़ा जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार नोखड़ा को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार नोखड़ा को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.05.23 09:37:49 IST
Reason: SelfAttested

निर्णय दिनांकः—08.05.2025

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 08.05.2025 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

न्यायालय सहायक कलक्टर/उपखंड अधिकारी
सत्यमेव जयते
गुढ़ामालानी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.05.23 09:37:49 IST
Reason: SelfAttested